Total No. of Printed Pages—8

**HS/XII/A. Sc. Com/H/19**

**2 0 1 9**

# HINDI

## ( Modern Indian Language )

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part—A (Objective Questions) serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 50 )

**1.** पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए : 1×10=10

(क) जगजीवन से पूरी तरह निरपेक्ष रहना संभव नहीं है।

(ख) पैसे की व्यंग्य-शक्ति व्यक्ति को अपने सगों के प्रति कृतघ्न कर सकती है।

(ग) हिन्दी साहित्य में फणीश्वरनाथ रेणु मनोवैज्ञानिक उपन्यासकार के रूप में प्रतिष्ठित थे।

(घ) 'रामचरितमानस' के अयोध्या कांड से गृहीत लक्ष्मण के शक्ति बाण लगने का प्रसंग कवि की मार्मिक स्थलों की पहचान का एक श्रेष्ठ नमूना है।

(ङ) लेखक की दृष्टि में, करुणा और हास्य के तत्त्वों का सामंजस्य चार्ली की सबसे बड़ी विशेषता रही है।

(च) कवि भोर के आसमान का मूकद्रष्टा है।

(छ) बादल किसान के लिए उल्लास एवं निर्माण का तो मज़दूर के संदर्भ में क्रांति एवं बदलाव का अग्रदूत है।

(ज) सफ़िया का भाई एक बहुत बड़ा कस्टम अफसर था।

(झ) अच्छी बात या अच्छी कविता का बनना सही बात का सही शब्द से जुड़ना होता है।

(ञ) मानव-मुक्ति के पुरोधा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर अपने समय के सबसे सुपठित जनों में से एक थे।

**2.** कोष्ठकों में दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×5=5

(क) मैं स्नेह-सुरा का ______ किया करता हूँ। (गान/पान)

(ख) 'बात सीधी थी पर' ______ की रचना है। (कुँवर नारायण/शमशेर बहादुर सिंह)

(ग) 16 अप्रैल, 1989 को चार्ली चैप्लिन के जन्म के ______ साल पूरे हो गए। (पचास/सौ)

(घ) ______ लोक-कला और इसके कलाकार के अप्रासंगिक हो जाने की कहानी है। (पहलवान की ढोलक/नमक)

(ङ) आर्थिक पहलू से भी ______ हानिकारक प्रथा है। (जाति-प्रथा/दहेज-प्रथा)

**3.** प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5

(क) ''विप्लव-रव से छोटे ही हैं शोभा पाते''—किस कविता की पंक्ति है?

*(i)* उषा

*(ii)* बादलराग

*(iii)* आत्मपरिचय

*(iv)* निशा निमंत्रण

(ख) 'बात की चूड़ी मर जाना' का क्या अर्थ है?

*(i)* बात का पकड़ में न आना

*(ii)* बात में कसावट का न होना

*(iii)* बात का प्रभावहीन हो जाना

*(iv)* बात को सहज और स्पष्ट करना

(ग) ''निर्बल ही धन की ओर झुकता है''—यह पंक्ति किस पाठ की है?

*(i)* बाज़ार दर्शन

*(ii)* भक्तिन

*(iii)* पहलवान की ढोलक

*(iv)* नमक

(घ) सफ़िया भारत में कहाँ की रहने वाली थी?

*(i)* देहली

*(ii)* अमृतसर

*(iii)* कलकत्ता

*(iv)* लखनऊ

(ङ) डॉ० भीमराव अंबेडकर ने बौद्ध धर्म किस वर्ष में अपनाया था?

*(i)* 1955

*(ii)* 1956

*(iii)* 1957

*(iv)* 1958

**4.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *100* शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) समाचार-पत्र और उनकी उपयोगिता

(ख) बेरोज़गारी की समस्या

(ग) देश की प्रगति में विद्यार्थियों का योगदान

(घ) किसी मेले का आँखों-देखा वर्णन

(ङ) मेघालय के प्रमुख पर्व

**5.** आपका छोटा भाई किसी दूसरे शहर में एक आवासीय विद्यालय में पढ़ता है। उसे एक पत्र लिखकर खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रेरित कीजिए। साथ ही यह भी लिखिए कि खेलकूद में भाग लेने से क्या लाभ होते हैं। 10

**अथवा**

समाज में बढ़ते हुए अपराधों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों में से (क) **अथवा** (ख) का उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10

कबीरदास जी ने कहा कि संत वह व्यक्ति है जो संग्रह नहीं करता, जो दूसरे वक्त की चिन्ता भी नहीं करता; जितना चाहिए उतना ही रखता है; बाकी को दूसरों के लिए छोड़ देता है। क्योंकि यदि वह संग्रह करे, यदि वह कल

की चिन्ता करे, यदि वह लोलुप हो तो उसे मोक्ष नहीं मिलता। ऐसा करने पर वह सांसारिक बंधनों में, मोह-जाल में फँस जाता है। उसके मन की शांति समाप्त हो जाती है। निम्नलिखित कथा इस कथन का एक उत्तम उदाहरण है। एक दिन शेख फरीद को एक व्यक्ति ने चाँदी के कुछ सिक्के भेंट किए। उन्होंने एक शिष्य को आदेश दिया, ''वत्स, जाओ, इन सिक्कों को निर्धनों में बाँट आओ।'' उसने उन सिक्कों को तत्क्षण बाँट दिया किन्तु बाँटते समय एक सिक्का भूमि पर गिर गया था, जिसे उस शिष्य ने अपनी पगड़ी में खोंस लिया था। उसने सोचा था कि इस सिक्के को बाद में किसी दरिद्र व्यक्ति को दे दूँगा, किन्तु वह भूल गया।

शेख फरीद एक प्रसिद्ध सूफी संत थे। बचपन में उनकी माँ ने उन्हें शिक्षा दी थी कि चाहे कितनी भी भूख क्यों न लगी हो, किसी से कभी कुछ माँगना मत। उनका मत था कि दूसरे दिन के लिए किसी वस्तु को रखने वाले को भगवान पर भरोसा नहीं है। जिस दिन सिक्के बाँटे गए उस रात शेख नमाज़ पढ़ने गए। किन्तु आज उन्हें एक विचित्र अनुभव हो रहा था, जिसके कारण वह अत्यंत विस्मित तथा क्षुब्ध होने लगे। नमाज़ पढ़ते समय बार-बार उनका मन उचाट हो जाता था। उन्होंने अपने शिष्य को बुलाकर पूछा, ''क्या तुमने सारे सिक्के बाँट दिए थे?'' शिष्य को याद आया कि एक सिक्का पगड़ी में है। अपराधी मन से क्षमा माँगते हुए उसने कहा, ''एक सिक्का रह गया है।'' शेख फरीद ने उस सिक्के को उसी समय किसी निर्धन को दे आने को कहा। जब वह शिष्य सिक्का दे आया तभी वह नमाज़ पूरी कर सके।

*(i)* कबीरदास जी के अनुसार संग्रह का क्या अर्थ है और वह क्यों नहीं करना चाहिए?

*(ii)* शेख फरीद ने अपने शिष्य को क्या बाँटने को कहा और क्यों?

*(iii)* नमाज़ पढ़ते समय उनको क्या नवीन अनुभव हुआ?

*(iv)* वे नमाज़ कब पूरी कर सके?

*(v)* उपर्युक्त गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

**अथवा**

(ख) *(i)* निम्नलिखित शब्दों की सन्धि कीजिए (कोई **चार**) : 1×4=4

(अ) देव + इन्द्र

(आ) सम् + गम

(इ) उत् + हार

(ई) इति + आदि

(उ) सत् + आनन्द

(ऊ) निः + गुण

*(ii)* निम्नलिखित शब्दों के समास-विग्रह कीजिए (कोई **तीन**) : 1×3=3

(अ) गगनचुम्बी

(आ) भलाबुरा

(इ) नवरत्न

(ई) लम्बोदर

(उ) सभापति

*(iii)* निम्नलिखित वाक्यों में से सरल, मिश्रित और संयुक्त वाक्य पहचानिए (कोई **तीन**) : 1×3=3

(अ) लोकप्रिय कवि का सम्मान सभी करते हैं।

(आ) साहित्य और जीवन का अभिन्न संबंध है।

(इ) शेक्सपियर के नाटकों का अभिनय होना चाहिए।

(ई) यद्यपि वह हर तरह के संकटों से घिरा था, तथापि निराश नहीं हुआ।

(उ) उसने न केवल गरीब को लूटा, बल्कि उसकी हत्या भी कर दी।

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

**7.** निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 5×2=10

(क) अशनि-पात से शापित उन्नत शत-शत वीर,
क्षत-विक्षत हत अचल-शरीर,
गगन-स्पर्शी स्पर्द्धा धीर।

**अथवा**

बेदहूँ पुरान कही, लोकहूँ बिलोकिअत,
साँकरे सबैं पै, राम! रावरें कृपा करी।
दारिद-दसानन दबाई दुनी, दीनबंधु!
दुरित-दहन देखि तुलसी हहा करी॥

(ख) चार्ली का चिर-युवा होना या बच्चों जैसा दिखना एक विशेषता तो है ही, सबसे बड़ी विशेषता शायद यह है कि वे किसी भी संस्कृति को विदेशी नहीं लगते। यानी उनके आसपास जो भी चीज़ें, अड़ंगे, खलनायक, दुष्ट औरतें आदि रहते हैं वे एक सतत 'विदेश' या 'परदेस' बन जाते हैं और चैप्लिन 'हम' बन जाते हैं।

**अथवा**

कोई अपने को न जाने तो बाज़ार का यह चौक उसे कामना से विकल बना छोड़े। विकल क्यों, पागल। असंतोष, तृष्णा और ईर्ष्या से घायल कर मनुष्य को सदा के लिए यह बेकार बना डाल सकता है।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो-तीन** वाक्यों में दीजिए : 2×5=10

(क) लक्ष्मण के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'भाषा को सहूलियत' से बरतने से क्या अभिप्राय है?

(ग) मनुष्यों की क्षमता किन तीन बातों पर निर्भर करती है?

(घ) लुट्टन पहलवान ढोलक को अपना गुरु क्यों मानता था?

(ङ) शीतल वाणी में आग के होने का क्या अभिप्राय है?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए (कोई **दो**) : 5×2=10

(क) बाज़ार में भगत जी के व्यक्तित्व का कौन-सा सशक्त पहलू उभरकर आता है?

(ख) बचपन की वे दो घटनाएँ कौन-सी थीं जिन्होंने चार्ली चैप्लिन के जीवन पर गहरा, स्थायी प्रभाव डाला था?

(ग) कवि ने भोर के नभ की तुलना किन-किन चीज़ों से की है? स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'बादल राग' कविता में कवि ने बादल का आह्वान क्रांति के रूप में क्यों किया है?

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×4=20

(क) निम्न वर्ग के मकानों के बारे में लेखक का क्या अनुमान है?

(ख) सिन्धु सभ्यता का खेती से किस तरह का संबंध था? स्पष्ट कीजिए।

(ग) ऐन के परिवार को अज्ञातवास में जाने के लिए क्यों मजबूर होना पड़ा?

(घ) ऐन को बुधवार तक अपनी जिंदगी में आये बड़े परिवर्तन के बारे में सोचने का अवसर क्यों नहीं मिला?

(ङ) ऐन अधिक से अधिक कपड़े ले जाने के लिए क्या करती है?

★★★